**उत्तर प्रदेश में "आदर्श सहकारी जिले"**

*612. **श्री निहाल सिंह** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 1967–68 में ग्यारह जिलों को "आदर्श सहकारी जिले" बनाने का प्रस्ताव रखा था;

(ख) यदि हां, तो इन जिलों में आरम्भ की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उपर्युक्त योजनाओं में कितने किसानों को शामिल किया गया है तथा किन शर्तों पर ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी)** (क) से (ग) : एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है । [**पुस्तकालय म रखा गया** । देखिये संख्या Lt-1816/68]

**मध्य प्रदेश सर्किल के रेलवे डाक सेवा कर्मचारियों द्वारा हड़ताल**

*613. **श्री नाथूराम अहिरवार** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सर्किल के रेलवे डाक सेवा कर्मचारियों ने जून 1968 के अन्तिम सप्ताह में हड़ताल की थी ; और

(ख) यदि हां, तो हड़ताल के क्या कारण थे और सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं को किस हद तक हल किया है?

**संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल)** :

(क) जी नहीं । केवल रेल डाक सेवा 'एम० पी०' डिविजन के कर्मचारियों ने 25–6–68 तक की अविध के दौरान 'नियमानुसार काम करो' आन्दोलन चलाया था ।

(ख) यह आन्दोलन अखिल भारतीय रेल डाक सेवा के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन की इटारसी शाखा की कुछ अनिर्णीत मांगों की पूर्ति न करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन था । दस में से केवल तीन जो एक रास्ते और कुछ निर्माण-कार्यों से सम्बन्धित हैं, अभी तक बकाया हैं ।

**पंजाब तथा हरियाणा में जवानों द्वारा गेहूं का लदान**

615. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब तथा हरियाणा की सरकारों ने उक्त राज्यों में गेहूं के लदान के लिये जवानों की सहायता दिये जाने के बारे में केन्द्रीय सरकार से प्रार्थना की है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिये उक्त राज्यों को कितने जवानों तथा अधिकारियों की सेवाएं उपलब्ध की गई हैं ; और

(ग) उक्त जवानों तथा अधिकारियों से क्या काम लिया गया ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** :

(क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

WEEKLY OFF FOR CLASS IV EMPLOYEES IN TELEGRAPH OFFICES IN DELHI

*616. SHRI SURAJ BHAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether the sweepers, farrashes and watermen are given fortnightly off instead of weekly off for the last one year in Telegraph Offices in Delhi whereas in all other offices of

the Central Government these people are given weekly off; and

(b) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Yes, Sir. It is, however, not correct, that in all other Central Government offices officials in these categories are being given weekly offs. The practice followed in each office is determined according to administrative convenience.

(b) A general policy decision has been taken in the P&T Department that such officials employed in offices which are not closed on Sundays should be given a fortnightly off.

**नयी चीनी मिलें**

617. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968-69 में केवल 6 नयी चीनी मिलें स्थापित करने का कम लक्ष्य निर्धारित करने के क्या कारण हैं जब कि अपने संसाधनों तथा भारतीय मुद्रा से भारत की क्षमता प्रति वर्ष 13 चीनी मिलें स्थापित करने की है ;

(ख) क्या यह सच है अब भी अधिकांश गन्ने से गुड़ आदि बनाया जाता है और यदि हां, तो प्रति वर्ष 13 चीनी मिलें स्थापित करने में क्या अड़चनें हैं ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि चीनी उद्योग के विस्तार में कुछ निहित स्वार्थ बाधक रहे हैं ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) नई चीनी मिलें स्थापित करने के लिए कोई वार्षिक लक्ष्य नहीं है ।

(ख) जी हां । उत्पादित गन्ने का काफी भाग गुड़ बनाने में लग जाता है, तथापि, नई मिलों की स्थापना सफेद चीनी की अतिरिक्त आवश्यकता, रुपये साधनों की उपलब्धि आदि पर निर्भर करती है ।

(ग) जी नहीं ।

SECOND UNIT OF INDIAN TELEPHONE INDUSTRIES

*618. SHRI S. R. DAMANI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether a decision has been taken to set up a second unit of the Indian Telephone Industries; and

(b) if so, the capacity, location and other details of the proposal?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Yes.

(b) The new unit will manufacture long distance transmission equipment to augment the production of the existing factory at Bangalore of such equipment. It is expected to produce Rs. 13.5 crores worth of transmission equipment during the first five years of its setting up. According to preliminary estimates, the capital expenditure on the new factory is expected to be about Rs. 245 lakhs. No decision has so far been taken about the location of the proposed factory.

JUNGLE ALLOWANCE FOR TRACTOR TRAINING AND TESTING SERVICE, BUDNI EMPLOYEES

*619. SHRI JAGANNATH RAO JOSHI: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 648-A on the 15th February, 1968 and state:

(a) whether a final decision about the Jungle Allowance for the employees of the Tractor Training and Testing Service, Budni, has been taken; and

(b) if not, the reasons for the delay?